Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title : Regarding work undertaken under "Rashtriya Sam Vikas Yojana " in Jalaun, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन जो मेरा संसदीय क्षेत्र है, वहां केन्द्र सरकार द्वारा राट्रीय समविकास योजना के अन्तर्गत इस योजना को शामिल किया गया है। इस जिले राट्रीय समविकास योजना के तहत जो धन जाता है उससे सड़कें बनाई जा रही हैं। उनकी स्थिति खराब है। इस तरह की कुछ सड़कें हैं - नगेपुरा सम्पर्क मार्ग, खकल सम्पर्क मार्ग, बुडेहरा सम्पर्क मार्ग, करियावली सम्पर्क मार्ग, बरिगवां सम्पर्क मार्ग, बेवना सम्पर्क मार्ग, उरई-कोटा सम्पर्क मार्ग, कमठा सम्पर्क मार्ग, जैसारी सम्पर्क मार्ग, जालौन कौंच से सिकरी राजा मार्ग पर पुल का निर्माण, कौंच वसूप मार्ग, सूनी से गिट्टी तक मार्ग आदि लगभग 30-40 मार्ग लिए गए हैं। इन मार्गों के निर्माण में मानक के अनुसार बिल्कुल भी काम नहीं हो रहा है। इसके साथ ही राट्रीय समविकास योजना के तहत पुल निर्माण के लिए धन दिया गया है, लेकिन वह काम भी नहीं हो रहा है।

इसके अतिरिक्त इस योजना के तहत कई अन्य विभागों को दिऐ गए पैसे, चाहे वह बिजली विभाग हो या सिंचाई ि वभाग, की बन्दरबांट हो रही है और उसका जिस तरह सही तरीके से उपयोग होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से यह मांग करना चाहता हूँ कि जो सड़कें बनाई जा रही है, उनमें राट्रीय समविकास योजना के अन्तर्गत यहां से जो गाइडलाइन्स जाती हैं, उनके तहत बोर्ड लगाना चाहिए और उसका उद्घाटन कम से क्षेत्रीय सांसद द्वारा कराया जाना चाहिए। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वहां जो भी घटिया किस्म की सामग्री लगाई जा रही है, गलत काम किए जा रहे हैं, उनकी जांच के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वहां एक टीम भेजकर जांच कराई जाए और जो सड़कें खराब हो गयी हैं, उन्हें ठीक कराया VÉÉA[R20]।